# भारत डायनामिक्स लिमिटेड

**(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)**

**निगम कार्यालय, गच्चीबाउली – हैदराबाद**

बीडीएल/104/बीडी-नि.वा./06 दिनांक : 05 मार्च, 2020

## प्रेस विज्ञप्ति
## बीडीएल ने भारत सरकार को अंतरिम लाभांश दिया

भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल), हैदराबाद स्थित सार्वजनिक रक्षा उपक्रम ने वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए रु.10/- के प्रति शेयर पर रु.6.25 का अंतरिम लाभांश घोषित किया। कंपनी द्वारा घोषित यह अंतरिम लाभांश प्रदत्त शेयर पूँजी का 62.5% है जिसका मूल्य रु. 183.28 करोड़ है.

कोमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (नि.), अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने आज नई दिल्ली में श्री राजनाथ सिंह, माननीय रक्षा मंत्री को रु. 100.518 करोड़ की चेक प्रस्तुत की जो बीडीएल में भारत सरकार की शेयरधारिता से संबद्ध अंतरिम लाभांश है.

इस अवसर पर रक्षा मंत्रालय से श्री राज कुमार, सचिव (रक्षा उत्पादन), और डॉ अमित सहाय, संयुक्त सचिव (पी अण्ड सी) और श्री एस पिरमनायगम, निदेशक (वित्त), बीडीएल उपस्थित रहे।

